अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2023
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** सबसे प्राचीन वेद कौन सा है? **(1)**

(A) ऋग्वेद (B) सामवेद

(C) यजुर्वेद (D) अथर्ववेद

**2.** शक संवत किसने चलाया था? **(1)**

(A) अशोक (B) चन्द्रगुप्त

(C) कनिष्क (D) समुद्रगुप्त

**3.** पुरापाषाणकाल में मनुष्य का व्यवसाय क्या था? **(1)**

(A) आखेट (B) कृषि

(C) व्यापार (D) शिल्प

**4.** मोहनजोदड़ो की सबसे बड़ी इमारत थी- **(1)**

(A) पुरोहित आवास (B) स्नानगार

(C) अन्नागार (D) कोषागार

**5.** सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करने वाले खगोलीय पिण्ड कहलाते हैं- **(1)**

(A) क्षुद्र ग्रह (B) उपग्रह

(C) ग्रह (D) पुच्छल तारा

**6.** इण्डिका पुस्तक के लेखक हैं - **(1)**

(A) कौटिल्य (B) सिकन्दर

(C) मेगस्थनीज (D) अरस्तू

**7.** पहिए का आविष्कार हुआ - **(1)**

(A) पुरा पाषाण काल (B) मध्य पाषाण काल

(C) नव पाषाण काल (D) धातु काल

**8.** कुतुबनुमा का आविष्कार किस देश में हुआ? **(1)**

(A) चीन में (B) मिस्त्र में

(C) यूनान में (D) भारत में

**9.** भारतीय मानक समय रेखा गुजरती है- **(1)**

(A) अहमदाबाद (B) लखनऊ

(C) कोलकाता (D) इलाहाबाद (प्रयागराज)

**10.** नासा का मुख्यालय स्थित है- **(1)**

(A) जापान (B) अमेरिका

(C) ब्राजील (D) कनाडा

**11.** पूर्वी घाट तथा पश्चिमी घाट किस स्थान पर मिलते हैं? **(1)**

(A) अन्नामलाई पर
(B) नीलगिरि पहाड़ियों पर
(C) संतपुड़ा पर्वत पर
(D) नेपाल में

**12.** ग्रेट रिफ्ट घाटी किस महाद्वीप में स्थित है? **(1)**

(A) अफ्रीका
(B) उत्तरी अमेरिका
(C) यूरोप
(D) आस्ट्रेलिया

**13.** कोशल महाजनपद की राजधानी थी - **(1)**

(A) श्रावस्ती
(B) वाराणसी
(C) चम्पा
(D) कौशाम्बी

**14.** भारत की सबसे लम्बी तट रेखा वाला राज्य है - **(1)**

(A) केरल
(B) गुजरात
(C) गोवा
(D) तमिलनाडु

**15.** 'ग्लोब' प्रतिरूप होता है- **(1)**

(A) सूर्य का
(B) चन्द्रमा का
(C) पृथ्वी का
(D) महासागर का

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** 'महाभारत' के लेखक कौन थे? **(1)**

**17.** बौद्ध धर्म के संस्थापक कौन थे? **(1)**

**18.** परिभ्रमण किसे कहते हैं? **(1)**

**19.** भारत के दो पड़ोसी देशों के नाम लिखिए। **(1)**

**20.** सबसे छोटे महाद्वीप का नाम लिखिए। **(1)**

**21.** अर्थशास्त्र का जनक किसे कहा जाता है? **(1)**

**22.** जिले के मुख्य अधिकारी कौन-कौन हैं? **(1)**

**23.** कृषि का आरम्भ किस काल में होता है? **(1)**

**24.** नगर निगम की आय का स्रोत क्या है? **(1)**

**25.** हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख देवी-देवता के नाम लिखिए। **(1)**

**26.** सिन्धु घाटी सभ्यता और बैदिक सभ्यता का कोई एक अन्तर लिखिए। **(1)**

**27.** पृथ्वी के किस भाग में सूर्याताप अधिकतम प्राप्त होता है? **(1)**

**28.** विषुवत रेखा को कौन-सी नदी दो बार काटती है? **(1)**

**29.** सिकन्दर के आक्रमण के दो राजनीतिक प्रभाव को लिखिए। **(1)**

**30.** प्राचीनकाल के दो महाकाव्यों का नाम लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** पृथ्वी को हरित ग्रह (ग्रीन प्लैनेट) क्यों कहते हैं? **(2)**

**32.** मौर्य साम्राज्य के पतन का कारण स्पष्ट करें। **(2)**

**33.** व्यक्तिगत आय किसे कहते हैं? **(2)**

**34.** जिलाधिकारी के कर्तव्यों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**35.** बौद्ध धर्म के प्रमुख सिद्धान्त बताइए। **(2)**

**36.** अक्षांश और देशान्तर रेखाओं मे अन्तर स्पष्ट करें **(2)**

**37.** जैव मण्डल को समझाइए। **(2)**

**38.** भारत की प्राकृतिक वनस्पतियों का वर्णन कीजिए **(2)**

**39.** नगर निगम की संरचना एवं कार्यों का वर्णन कीजिए **(2)**

**40.** हिमालय को कितनी श्रेणियों में बाटा गया है? इन श्रेणियों का नाम लिखते हुए, हिमालय से होने वाले लाभ बताइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/samajik-adhyayan/2023

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN